1022
16/2/13

खण्ड-2

बिहार विधान मंडल पुस्तकालय
शोध/संदर्भ ग्रंथ

संख्या-22

# एकादश बिहार विधान-सभा वादवृत्त

(भाग-1 कार्यवाही प्रश्नोत्तर)

सत्यमेव जयते

दिनांक : 28 जून, 1995 ई०

नहीं हो सका है। उपायुक्त, दुमका ने अपने पत्रांक–566 दिनांक 25.6.95 द्वारा जाँच प्रतिवेदन प्रेषित करने के लिये एक सप्ताह का समय मांगा है। उनसे प्रतिवेदन प्राप्त कर उसके समीक्षोपरान्त दोषी पदाधिकारियों के विरूद्ध उचित कार्रवाई की जायेगी।

2. **खंड 1** के उत्तर में स्थिति स्पष्ट कर दी गयी है।

## मिट्टी का भराव

***1971. श्री विजय कृष्ण :** क्या मंत्री, भवन निर्माण एवं आवास विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

1. क्या लालबहादुर शास्त्रीनगर स्थित आवास संख्या–253, 254, 259 एवं 260 में मिट्टी नहीं भरने के कारण जल जमाव रहता है;

2. यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार बरसात के पूर्ण इन आवासों में मिट्टी भराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों;

**प्रभारी मंत्री :** 1. स्वीकारात्मक है। आवास 253 एवं 254 में मिट्टी भराई का कार्य पूर्व है। इन आवासों के कुर्सी तक की ऊँचाई लगभग 9 ईंच है। जल जमाव को दूर करने के लिए नाला की सुधार की आवश्यकता है।

2. आवास संख्या–259 एवं 260 में जल जमाव की दूर करने हेतु मिट्टी भराई एवं नाला में सुधार की आवश्यकता है। निधि उपलब्ध होने पर प्राथमिकता के आधार पर कार्य कराया जायेगा।

## पुल का निर्माण

***1975. श्री बीरबल शर्मा :** क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--